हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 04/05/2022 को सम्पन्न 18वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो0 समशेर<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 योगेश सिंह,<br>कुलपति<br>दिल्ली युनिवर्सिटी (डी0 यू0)<br>दिल्ली – 110042<br>(अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | प्रो0 प्रदीप कुमार मिश्रा<br>कुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | प्रो0 योगेश जोशी<br>अधिष्ठाता, इण्टरनेशनल रिलेशन<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | श्री प्रदीप मिश्रा<br>सी0एम0डी0, रूद्राभिषेक इंटरप्राइजेज प्रा0 लि0, ग्राउण्ड फ्लोर, युवा भवन, वाईएमसीए काम्प्लेक्स, 13 राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | प्रो0 तपोव्रत लहरी<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | श्री कृपाशंकर सिंह<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन<br>लखनऊ। (प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | श्री अजय जौहरी,<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 9. | डा0 रिपुदमन सिंह<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 10. | श्री दिनेश अग्रवाल<br>फाउण्डर एण्ड सी0ई0ओ0 आफ इण्डिया मार्ट, इण्डिया मार्ट इंटरमेस लिमिटेड, 7वॉ तल, एडवंत–नविस बिजनेस पार्क, प्लाट नं0–7, सेक्टर–142, नोएडा।(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 11. | प्रो0 मनोज सिंह गौर,<br>निदेशक, आई0आई0टी0 जम्मू<br>(शासन स्तर से नामित प्रोद्यौगिकीविद) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 12. | डा0 चन्द्र शेखर उपाध्याय<br>एरोस्पेश इंजी0 विभाग, आई0आई0टी0कानपुर।<br>(शासन स्तर से नामित प्रोद्यौगिकीविद) | सदस्य |
| 13 | श्री गोपाल खरे<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 14 | डा0 नीरज कुमार सिंह,<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |

Scanned by CamScanner

कोविड–19 के कारण वीडियो कान्फ्रेन्सिंग से हो रही परिषद् बैठक में उपस्थित सदस्यों का कार्य परिषद् के सचिव द्वारा स्वागत किया गया और अध्यक्ष, कार्य परिषद् की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 18.01:** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 24/12/2021 को सम्पन्न 17वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक 24/12/2021 को सम्पन्न 17वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया।

**मद सं0 18.02:** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 24/12/2021 को सम्पन्न 17वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद ने विश्वविद्यालय की दिनांक 24/12/2021 को सम्पन्न कार्य परिषद की 17वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 18.03** **विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 13.04.2022 को सम्पन्न 18वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने दिनांक 13/04/2022 को सम्पन्न विश्वविद्यालय वित्त समिति की 18वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 18.04** **डा0 रचना अस्थाना, प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग द्वारा डा0 अम्बेडकर इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलॉजी फार हैण्डीकैप्ड, कानपुर के निदेशक पद पर कार्यभार ग्रहण करने सम्बन्धी सूचना से परिषद को अवगत कराये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने संज्ञान लेते हुये डा0 रचना अस्थाना, प्रोफेसर इलेक्ट्ानिक्स इंजी विभाग के ए0आई0आई0टी0एच0, कानपुर के निदेशक पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु पांच साल के लियन विस्तारण किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान करने के साथ ही भविष्य के लिये ऐसे प्रकरण पर DOPT / UGC/ AICTE /Govt. guidelines के अनुसार विश्वविद्यालय नियमावली बनाये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये।

Scanned by CamScanner

मद सं0 18.05 — विश्वविद्यालय मे कार्यरत अधिकारियों श्री जे0बी0 बाजपेई, सहायक कार्यशालाधीक्षक, श्रीमती पूनम मल्होत्रा, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, श्री ए0के0 सिंह, सहायक अभियन्ता एवं श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर को ए0सी0पी0 का लाभ प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

परिषद ने श्री जे0बी0 बाजपेई, सहायक कार्यशालाधीक्षक, श्रीमती पूनम मल्होत्रा, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, श्री ए0के0 सिंह, सहायक अभियन्ता एवं श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर को ए0सी0पी0 का लाभ प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 18.06 — **शासन द्वारा नियुक्त कुलसचिव के मूल पदानुसार वेतनमान विश्वविद्यालय अधिनियम–2016 के नियम 15(1) के अनुसार अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद को प्रकरण मे शासन के पत्र सं0 108454/16–1099/49/2020 दिनांक 21 अक्टूबर 2021 से संज्ञानित किया गया तथा परिषद ने अधिनियम–2016 के नियम 15(1) के क्रम में शासन को पुनः संदर्भित किये जाने के निर्देश प्रदान किये।

मद सं0 18.07 — **डा0 कृष्णराज, प्रोफेसर, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग की बी0आई0ई0टी0, झॉसी में की गयी पूर्व सेवाओं को जोड़े जाने के सम्बन्ध मे निर्गत आदेश दिनांक 06.04.2009 को नियमानुसार संशोधित किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने प्रस्तुत प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरांत शासन के पत्र संख्या 1449/सोलह–1–2021–14(14)/2018 दिनांक 05 अगस्त 2021 के आलोक में तथा शासनादेश सं0 2846/सोलह–प्रा0शि0–2–172/ई/91 दिनांक 08/10/1997 में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत पत्र सं0 917/सोलह–1–08–(04)/05 दिनांक 06 अप्रेल 2009 में आंशिक संशोधन "समस्त सेवा" के स्थान पर "समस्त पेन्शन" करने का अनुमोदन किया। उक्त के कम में डा0 कृष्णराज, को एच0बी0टी0आई मे उनके योगदान की तिथि से नियमानुसार उनकी अर्हता के क्रम मे कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) प्रमोशन समिति की प्रोफेसर के पद पर अर्हता तिथि बदलने की संस्तुति के साथ अगली बैठक में रखने के निर्देश दिये।

Scanned by CamScanner

मद सं0 18.08 विश्वविद्यालय मे रिक्त प्रशासनिक पदों एवं समूह ग के ग्रेड पे 1800/– तथा 4600/– के रिक्त पदों को नियमित भर्ती किये जाने के सम्बन्ध में।

परिषद ने विश्वविद्यालय में सेवा नियमावली प्रख्यापित कराये जाने के उपरांत रिक्त प्रशासनिक पदों एवं समूह ग के ग्रेड पे 1800/– तथा 4600/– के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती किये जाने के साथ नियमावली प्रख्यापित होने तक प्रतिनियुक्ति पर पदों को भरे जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 18.09 **कार्यपरिषद की 17वीं बैठक के बिन्दु सं0 17.10 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के सिविल इंजी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग मे कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) के अन्तर्गत एसो0 प्रोफेसर /प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नत हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग आख्या की निष्पक्ष एवं नियमानुसार समीक्षा कराये जाने हेतु गठित समिति के संयोजक द्वारा असमर्थता व्यक्त किये जाने पर मा0 कुलपति द्वारा गठित संशोधित समिति पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने प्रस्ताव पर अवलोकनोपरांत मा0 कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के सिविल इंजी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग मे कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) के अन्तर्गत एसो0 प्रोफेसर /प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नत हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग आख्या की निष्पक्ष एवं नियमानुसार समीक्षा कराये जाने हेतु पुर्नगठित समिति पर अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 15.10 **अध्यक्ष महोदय क़ी अनुमति से अन्य मद पर विचार।**

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
सदस्य–सचिव

<u>कार्यालय कुलसचिव</u>
<u>हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर।</u>

संख्याः 308/एच0बी0टी0यू0/18वीं कार्य0परि0कार्यवृत्त/2022 दिनांक 05.05.2022

प्रतिलिपिः– विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0 कानपुर को मा0 कुलपति /अध्यक्ष कार्य परिषद के संज्ञानार्थ ।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
सदस्य–सचिव

Scanned by CamScanner